प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 12.10.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. घाटशिला उपचुनाव में एनडीए–यूपीए ने अपनी–अपनी मजबूती का किया दावा, झामुमो ने कहा इस बार ज्यादा अतंर से जीतेंगे, भाजपा बोली–सबक सीखाएगी जनता।
2. केंद्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से स्कूलों में प्रवेश और परीक्षा शुल्क जमा करने के लिए यूपीआई अपनाने को कहा।
3. राज्य के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने कहा–आदिम जनजातियों के उत्थान के लिए सरकार प्रतिबद्ध, छात्रवृत्ति के लंबित भुगतानों की समीक्षा का दिया निर्देश।
4. अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत टाटानगर रेलवे स्टेशन का तीन अरब छब्बीस करोड़ रुपये से हो रहा पुनर्विकास, सांसद विद्युत वरण महतो ने किया भूमिपूजन।
5. राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची में मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, कहा–राष्ट्र चेतना, आत्मनिर्भरता और स्वदेशी भावना का प्रतीक है मैराथन।

****

घाटशिला उपचुनाव को लेकर एनडीए और इंडिया ब्लॉक ने अपनी–अपनी मजबूती का दावा किया है। राज्य के मंत्री और झामुमो नेता सुदिव्य कुमार ने कहा कि पिछले चुनाव से अधिक वोटों से इस बार जीत होगी।

भाजपा नेता गीता कोड़ा ने कहा राज्य सरकार के झूठे वायदे को जनता समझ चुकी है और घाटशिला चुनाव में भाजपा जीतेगी।

****

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के साथ, सरकार ने कृषि उपकरणों पर जीएसटी दरों को कम करके किसानों को राहत प्रदान की है।

****

शिक्षा मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्कूलों से प्रवेश और परीक्षा शुल्क एकत्र करने के लिए यूपीआई अपनाने को कहा है। इसका उद्देश्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं का आधुनिकीकरण करना है। राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और एनसीईआरटी, सीबीएसई, केवीएस और एनवीएस जैसी स्वायत्त संस्थाओं को स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग ने स्कूलों में वित्तीय लेनदेन को सुव्यवस्थित करने के लिए यूपीआई अपनाने के लिए बल दिया है।

****

राज्य के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने कहा है कि राज्य सरकार आदिम जनजातियों के उत्थान और विकास के लिए संवेदनशील है। रांची में बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग के सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक सशक्तिकरण के प्रति पूरी तरह समर्पित है। श्रीलिंडा ने प्री–मैट्रिक और पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं के लंबित भुगतानों की समीक्षा करने का भी निर्देश दिया।

****

सरायकेला खरसावां जिले में प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना किसानों के लिए नई उम्मीद लेकर आई है।

****

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 13 हजार 700 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 74 हजार रुपये प्रति किलो है।

****

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत दक्षिण पूर्व रेलवे के टाटानगर स्टेशन का पुनर्विकास कार्य किया जा रहा है। इस परियोजना पर लगभग तीन अरब छब्बीस करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसे लेकर सांसद विद्युत वरण महतो ने भूमिपूजन किया। इस मौक पर सांसद ने कहा कि पुनर्विकास के बाद टाटानगर स्टेशन का स्वरूप किसी आधुनिक एयरपोर्ट की तरह होगा, जहां यात्रियों को अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेंगी।

****

केंद्र सरकार द्वारा सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग–एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिए देशभर में अभियान चलाया जा रहा है। हजारीबाग उद्योग विभाग के श्याम कुमार गुप्ता ने बताया कि हजारीबाग में एमएसएमई इकाई को प्रोत्साहन देने और अधिक से अधिक उद्यमियों को उद्यम पंजीकरण से जोड़ने के लिए शिविर का आयोजन किया गया।

****

10वीं और 12वीं की परीक्षा में पूरे राज्य में कोडरमा के बेहतर प्रदर्शन को एक बार फिर दोहराने के लिए जिला प्रशासन ने विशेष पहल की है। इसे लेकर जिले के प्लस टू हाई स्कूलों में 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों की आकलन परीक्षा ली जाएगी।

****

राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में हर घर स्वदेशी, घर घर स्वदेशी–विकसित भारत 2047 अभियान के तहत आज मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस मौके पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि यह आयोजन राष्ट्र चेतना, आत्मनिर्भरता और स्वदेशी भावना का प्रतीक है।

रक्षा राज्यमंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ इस मैराथन का आयोजन किया गया।

****

सरायकेला–खरसावां जिले में पर्व–त्योहारों के दौरान विधि–व्यवस्था को बनाए रखने को लेकर पुलिस अधीक्षक मुकेश लुनायत ने चैंबर ऑफ कॉमर्स के व्यवसायियों के साथ बैठक की।

****

जमशेदपुर की स्थानीय कामगार महिलाओं को प्रोत्साहित करने और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सहयोग से चैम्बर भवन में दिवाली मेले का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन सांसद विद्युतवरण महतो और जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने संयुक्त रूप से किया। यह मेला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'लोकल फॉर वोकल' अभियान को बल देने की दिशा में एक सराहनीय पहल है।

****